हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
1अगस्त 2024, समय 1810

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल राष्ट्रपति भवन में शुरू होने वाले राज्यपालों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी।
- सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाती और अनुसूचित जनजाति के आरक्षित श्रेणी को उनके पिछड़ेपन के आधार पर उप वर्गीकृत करने की राज्य की शक्ति को बरक़रार रखा।
- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने बावल के चौ ० चरण सिंह कृषि अनुसंधान केंद्र में स्तिथ कृषि महाविधालय में कन्या छात्रावास पुस्तकालय एवं परीक्षा भवन का उद्घाटन किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि, प्रदेश के किसी भी खेत में अब कच्ची सड़क नहीं रहने दी जाएगी

- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने उतर हरिया बिजली वितरण निगम के कुरुक्षेत्र कार्यालय पर गलत बिल जारी करने और उपभोक्ता को परेशान करने पर साढ़े 15 हज़ार रूपये का जुर्माना लगाया।

---

एक ऐतिहासिक फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने आज आरक्षण का लाभ देने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षित श्रेणी समूहों को उनके पिछड़ेपन के आधार पर अलग-अलग समूहों में उप-वर्गीकृत करने की राज्यों की शक्ति को बरकरार रखा है।न्यायाधीश B.R गवई, विक्रम नाथ, बेला एम त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चन्द्र शर्मा के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय में सात न्यायाधीशों की एक पीठ ने 2004 के ईवी चिन्नैया के फैसले को छह के मुकाबले एक फैसले से खारिज कर दिया। इस फैसले से न्यायाधीश बेला त्रिवेदी ने असहमति दिखाई। 2004 के फैसले में कहा गया था कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का उप-वर्गीकरण अनुच्छेद 341 के विपरीत है।

केंद्र सरकार ने देश में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 15 करोड़ से अधिक नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराये हैं। यह अभियान बिजली के बिल को कम करने के लिए लोगों को सौर ऊर्जा का उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है।आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने बताया कि स्वच्छ जल उपलब्धता की स्थिति का आकलन करने के लिए देश में 8 हजार से अधिक गांवों का सर्वेक्षण किया गया है।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल ने आज रेवाड़ी जिले के बावल में चौधरी चरण सिंह कृषि अनुसंधान केन्द्र में स्थित कृषि महाविद्यालय परिसर में अलखनंदा कन्या छात्रावास, पुस्तकालय व परीक्षा भवन का उद्घाटन किया । बतौर मुख्यतिथि समारोह को संबोधित करते हुए श्री कंवर पाल ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार तक उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर नवाचार और नई-नई पहलों के माध्यम से किसानों की प्रगति सुनिश्चित कर रही है। सरकार की ओर से खेत-खलिहान सडक़ योजना के तहत गांवों में यातायात व्यवस्था व संपर्क सुचारू किया गया है ताकि किसानों को अपनी उपज को मंडियों तक ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए। श्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश के किसी भी खेत में अब कच्ची सडक़ नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि हैं।समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों को तकनीकी और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने पर विशेष बल दे रही है। और किसानों को बीज से बाजार तक के सफर को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभा रही है।इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल व लोक निर्माण मंत्री डा. बनवारी लाल ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

पलवल से विधायक दीपक मंगला ने आज गांव ललपुरा से मिलकगिन्नी तक के रास्ते के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मंगला ने कहा कि निर्माण कार्य पर 19 लाख रूपए खर्च होंगे । उन्होंने कहा कि रास्ते का निर्माण कार्य पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। दीपक मंगला ने कहा कि हमारी प्राथमिकता बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। इसके लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं।

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कुरुक्षेत्र कार्यालय पर 15,500 रुपये का जुर्माना लगाया है। आयोग ने यह जुर्माना उपभोक्ता को गलत बिल जारी करने व किसी भी गलती के बिना परेशान करने और कार्य निर्धारित समय सीमा में न देने के कारण लगाया है ।निगम के प्रवक्ता ने बताया कि उपभोक्ता सुल्तान सिंह ने 21 जनवरी को गलत बिल से सम्बंधित एक शिकायत कुरुक्षेत्र में उप मण्डल अभियंता के कार्यालय में दी लेकिन कार्यालय के कई चक्कर लगाने के बाद भी उनकी शिकायत का समाधान नहीं किया गया। उन्हें गत वर्ष अगस्त में एक नवम्बर 2022 से 20 जुलाई 2023 तक का 1 लाख 11 हजार रुपये से अधिक का बिल मिला था जब कि वह नियमित अपना बिल अदा कर रहे थे ।

आयोग ने कहा कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि उपभोक्ता को लंबे समय से गलत बिल जारी किए जा रहे हैं। आयोग ने एक अधिसूचित सेवा के वितरण में गंभीर चूक का संज्ञान लेते हुए प्रत्येक द्वि-मासिक बिल के लिए 1 हजार रुपये यानी 31 महीनों के गलत बिलों के लिए यह जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि उपभोक्ता को देने का आदेश दिया गया है। आयोग ने आदेश में कहा कि यह राशि या तो निगम द्वारा अपने स्वयं के धन से उपभोक्ता के खाते में दी जाएगी अथवा निगम यह राशि उन अधिकारियों से वसूल सकता है जो इस मामले में खामियों के लिए जिम्मेदार हैं।

कुरुक्षेत्र अपराध अन्वेषण शाखा दो की टीम ने अंतर्राज्यीय चोरी और लूट के मामलों में शामिल गिरफ्तार कर एक रिवाल्वर, 6 जिंदा रौंद, पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के फर्जी पहचान पत्र तथा फर्जी पैन कार्ड बरामद किये हैं। आरोपी की पहचान कुरुक्षेत्र के गांव खासपुर निवासी सुनील कुमार उर्फ फौजी के तौर पर हुई है।पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने पत्रकर वार्ता में बताया कि आरोपी पहले केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मे था और अब पिछले काफी समय से अलग अलग राज्यो मे चोरी, लूट, हत्या की वारदात को अंजाम दे रहा था। आरोपी पर राजस्थान सहित कई राज्यो की पुलिस द्वारा चोरी लूट के मामलों मे ईनाम घोषित किया हुआ है। उन्होंने बताया कि आरोपी को आज अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।उन्होंने बताया कि सुनील कुमार उर्फ फौजी वर्ष 2007 में CRPF में बतौर सिपाही भर्ती हुआ और वर्ष 2016 तक तैनात रहा। इसी दौरान उसने अपने पहचान के दर्जनों युवकों से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में भर्ती कराने की आड़ में लाखों रुपये की

ठगी की । शिकायत होने पर आरोपी पर मामला निपटाने व जांच शुरू होने का दबाव बनने लगा तो 2015 में छुट्टी आने के बाद वह दोबारा ड्यूटी पर नहीं गया जिस कारण उसे बल से निष्कासित कर दिया गया ।

कुरुक्षेत्र अपराध अन्वेषण शाखा की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़ा से 54 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। आरोपियों की पहचान अंबाला जिले के गाँव समलेहडी निवासी दीपक कुमार व करनाल जिले के गाँव खानपुर वासी सुमित कुमार के तौर पर हुई है ।पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया ।

पलवल के नागरिक अस्पताल में विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरुआत के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वासुदेव ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह हर साल बच्चों के नियमित स्तनपान पर जोर देने के लिए मनाया जाता है। नवजात शिशु के स्वस्थ विकास के लिए स्तनपान अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में प्रसव के तुरंत बाद डॉक्टरों और कर्मचारियों को यह प्रशिक्षण दिया जाता है कि नवजात शिशु को तुरंत मां का दूध जरूर पिलाएं। मां के पीले गाढ़े दूध में कई प्रकार के पोषक तत्व होते है। यह दूध बच्चों में शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है।उन्होंने बताया कि नवजात शिशु को बोतल में दूध पिलाने से बच्चों में कई तरह की बीमारियां घर कर लेती है। बोतल का दूध पिलाने से बच्चा संक्रमण का शिकार हो जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में कल शुक्रवार से शुरू होने वाले राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। यह सम्मेलन राष्ट्रपति की अध्यक्षता में होने वाला राज्यपालों का पहला सम्मेलन होगा।राष्ट्रपति सचिवालय ने कहा कि सभी राज्यों के राज्यपाल सम्मेलन में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई मंत्री म्मेलन में शिरकत करेंगे। नीति आयोग के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय, गृह मंत्रालय और कैबिनेट सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे।हमारे संवाददाता ने बताया है कि सम्मेलन के एजेंडे में तीन आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की प्रमुख मान्यता और प्रमुख क्षेत्रों का विकास शामिल है। प्रचार अभियानों में राज्यपालों की भूमिका और राज्यों में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होने की सम्भावना है।

........................................................................